

दीवाली : बुधादित्य, लक्ष्मीनारायण योग का विशेष संयोग

सुख-समृद्धि और धन-वैभव के लिए आज हर घर जलेंगे दीपक

भोपाल, 7 नवंबर. दीपावली मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की आराधना का विशेष पर्व है. इस दिन लोग घरों और प्रतिष्ठानों में विधि-विधान से पूजन कर सुख-समृद्धि और आर्थिक उन्नति की कामना करते हैं.

छह दिवसीय दीपावली पर्व की शुरूआत शुक्रवार को धनतेरस की खरीदारी और आरोग्य की कामना के साथ हुई. शनिवार को छोटी दीवाली मनाई. ज्योतिषीय दृष्टि से रविवार को दीपोत्सव पर बुधादित्य और लक्ष्मीनारायण योग का विशेष संयोग बनने से पर्व का महत्व बढ़ गया है. दीवाली पर दोनों राजयोगों का एक साथ बनना सुख-समृद्धि, धन-वैभव, बुद्धि, व्यापारिक उन्नति और पारिवारिक खुशहाली का कारक माना जाता है. इस खुशी में लोग पूजा-अर्चना के बाद घनघोर रंगारंग आतिशबाजी करेंगे.

ज्योतिष मठ संस्थान के पंडित विनोद गौतम ने बताया कि रविवार को शुभमुहूर्त में दीपोत्सव का पर्व मनेगा. इस दिन घर-घर में माता लक्ष्मी-नारायण की पूजा की जाएगी. धार्मिक परंपरानुसार इस दिन 8 लक्ष्मी माता की पूजा करना शुभ माना गया है. वैसे तो माता लक्ष्मी के 16 रूप होते हैं. माता लक्ष्मी के साथ पंच देवों गणेश भगवान, विष्णु भगवान, शिव भगवान और सूर्यदेव की पूजा करना श्रेष्ठ है. इनके साथ माता लक्ष्मी के वाहन और कुबेर की भी पूजा करें. उन्होंने बताया कि इस बार माता लक्ष्मी का वाहन हाथी है. उनका हाथी पर सवार कमल के आसन पर विराजमान होकर आगमन हुआ है. यह संयोग पूर्ण शुभता का प्रतीक है.



21 किलो पारे के श्रीयंत्र का 1008 नोटों से सहस्त्रार्चन, 11 लाख से विशेष पूजन

दीवाली पर मां लक्ष्मी की आराधना के लिए शहर के मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई हैं. मां वैष्णो धाम आदर्श नवदुर्गा मंदिर में इस बार 21 किलो पारे के श्रीयंत्र का 1008 नोटों से सहस्त्रार्चन किया जाएगा. करीब 11 लाख रुपए की राशि से विशेष पूजन को लेकर मंदिर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. मंदिर परिसर और लक्ष्मी-नारायण मंदिर को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया है. भगवान को नए वस्त्र भी धारण कराए गए हैं. मंदिर में दीपावली की रात 12 बजे विशेष पूजन शुरू होगा. इसमें ललिता सहस्त्रनाम और श्रीसूक्त के मंत्रों के साथ मां लक्ष्मी की आराधना की जाएगी. इसके बाद हवन और महाआरती होगी. उन्होंने बताया कि हर साल व्यापारी अपनी श्रद्धानुसार राशि मंदिर में पूजन के लिए समर्पित करते हैं. इस राशि को लक्ष्मी पूजन में शामिल किया जाता है और अगले दिन संबंधित व्यापारियों को वापस लौटा दिया जाता है.

मां वैष्णो धाम आदर्श नवदुर्गा मंदिर में आधी रात को होगी लक्ष्मी आराधना

अहमदाबाद की पोषाक से भगवान का श्रृंगार

लक्ष्मीनारायण (बिड़ला) मंदिर



भोपाल. लक्ष्मी नारायण मंदिर (बिड़ला) में विराजमान लक्ष्मीनारायण भगवान को शांति-समृद्धि की प्रतीक आसमानी रंग की भव्य पोषाक और आभूषण पहनाए गए. यह पोषाक 2 से 3 लाख रुपए में अहमदाबाद से आई है. रविवार को शुभमुहूर्त में लक्ष्मी-नारायण भगवान की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे. म्यूजियम कार्यालय में बहीखाते की भी पूजा की जाएगी. दीपावली की पूर्व संध्या पर श्री महालक्ष्मी नारायण मंदिर (बिड़ला) को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया है. जिसकी रौशनी से मंदिर दमक रहा है.



थ्रोबॉल में भोपाल बालक-बालिका टीम विजेता

नवभारत न्यूज

भोपाल, 7 नवंबर. शासकीय नवीन हायर सेकंडरी स्कूल अरेरा कॉलोनी द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शालेय थ्रोबॉल स्पर्धा में भोपाल की बालिका एवं बालक वर्ग विजेता रहा.



भोपाल के बालकों ने 15-02 एवं 15-04 से राजगढ़ तथा 15-02 व 15-3 से सीहोर को पराजित किया. रायसेन से मैच संघर्षपूर्ण रहा. भोपाल के बालकों ने रायसेन को 15-9 एवं 15-11 से हराते हुए सभी मैच जीत लिए. भोपाल की बालिकाओं ने भी सीहोर, राजगढ़ और रायसेन को लगातार दो सेटों में पराजित कर विजेता रही. स्पर्धा में भोपाल संभाग की टीम का चयन किया गया, जो 25 से 30 नवंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेंगी. चेतन सोनी, वंश कछनारिया, बलराम बंसल, गौरव सेन, अनिकेत पटेल, रतन बंसल, सावन मालवीय, बालिकाओं में दीनाक्षी राजपूत, जानकी मसानी, अवनी ईशने, अंशिका कछनारिया, प्रीति अहिरवार तोशीका राजपूत का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा.

छोला दशहरा मैदान में 11 फीट के गोवर्धन की होगी पूजा

- वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन और महाआरती के बाद

नवभारत न्यूज



भोपाल, 7 नवंबर. दीपावली के बाद मनाए जाने वाले गोवर्धन पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक छटा राजधानी में देखने को मिलेगी. तेजस जनकल्याण समिति की ओर से 10 नवंबर को छोला दशहरा मैदान में सार्वजनिक गोवर्धन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं. मैदान में विशाल पंडाल तैयार किया जा रहा है. महोत्सव में भगवान गोवर्धन की भव्य प्रतिमा, विद्युत चलित झांकी और विभिन्न शहरों से आने वाले कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी.

दीवाली पर भोपाल में ट्रिपल अलर्ट अस्पताल, ननि और पुलिस तैयार

- अस्पतालों में बर्न वार्ड तैयार
- 40 एंबुलेंस रहेंगी तैनात

विशेष प्रतिनिधि

भोपाल, 7 नवंबर. दीपावली पर शहर में एक तरफ बाजारों और सड़कों पर रोशनी के बीच भीड़ उमड़ेगी, तो दूसरी ओर स्वास्थ्य, सुरक्षा, आगजनी से जुड़ी चुनौतियां भी बढ़ेंगी.

पटाखों से जलने, आंखों में चोट लगने, सांस लेने में परेशानी, आगजनी और सड़क हादसों की आशंका को देखते हुए सरकारी अस्पतालों से लेकर पुलिस, नगर निगम तक तैयारियां तेज कर दी गई हैं. स्वास्थ्य विभाग ने इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट पर रखा है, वहीं पुलिस ने बाजारों, संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं. नगर निगम ने सभी 11 फायर स्टेशनों को अलर्ट पर रखा है. 32 फायर ब्रिगेड हर वक्त तैयार रहेंगी. साथ ही जल विभाग से 22 अतिरिक्त टैंकर नगर निगम ने लिए हैं. सभी फायर कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त कर दी गई है.

इमरजेंसी में इन नंबरों पर करें कॉल

जेपी अस्पताल: 0755-2441977, **हमीदिया अस्पताल:** 93293 84392
एम्स भोपाल: 0755-2970771, 0755-2970772, 0755-29702406
एंबुलेंस: 108, **स्वास्थ्य सेवा:** 104, **पुलिस:** 112 **नगर निगम कंट्रोल रूम:** 0755-2701222, **फतेहगढ़ मुख्य फायर स्टेशन:** 0755-2542222 / 0755-270140

तीन दिनी धम्म शिविर आयोजित

भोपाल. त्रिरत्न बौद्ध संस्थान के तीन दिनी धम्म शिविर की शुरुआत 7 नवंबर को कोलार रोड अमराई गेहूंखेड़ा स्थित बुद्ध विहार में हुई. शिविर 9 नवंबर तक चलेगा.









